# <u>विद्यालय पत्रिका</u>

सत्र 2024-25 के लिए "रचना तरंग" नामक विद्यालय की ई -पत्रिका प्रकाशित की जा चुकी है। पत्रिका के प्रारंभ में विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष तथा प्राचार्या जी के शुभकामना संदेशों के उपरान्त संपादकीय लेख उल्लिखित किया गया है।

85 पृष्ठ संख्या वाली इस पत्रिका में हिन्दी में लिखित 50 पृष्ठ, अंग्रेजी व मातृभाषा में लिखित 35 पृष्ठ हैं। पत्रिका के मुख पृष्ठ का डिजाइन विद्यालय की कला शिक्षिका श्रीमती गीतांजलि द्वारा तैयार किया गया है।


विषय सूची (अनुक्रमणिका) के अनुसार वार्षिक प्रतिवेदन (2023-24), दसवीं और बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का विवरण, कतिपय चयनित विद्यालयी गतिविधियों जैसे - पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप, आज़ादी का अमृत महोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत, राष्ट्रीय कैडेट कोर, ज्येष्ठ अभिभावक दिवस, बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए शुभकामना एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन, शिक्षक दिवस आयोजन, स्काउट- गाइड- कब-बुलबुल गतिविधि विवरण, पीएम श्री क्रियाकलाप, खेलकूद प्रतियोगिताओं की उपलब्धि, स्वच्छता अभियान तथा बाल वाटिका का निरूपण किया गया है।

रचनात्मक लेखन के तहत हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत तथा पंजाबी भाषा के गद्य-पद्य में लिखित विद्यार्थियों एवं अध्यापकों की रचनाओं का संकलन किया गया है।

कला वीथिका के अन्तर्गत छात्र- छात्राओं द्वारा निर्मित चुनिंदा तस्वीरें कला के महत्व को प्रकट करने वाले उन्नत विचारों के साथ संकलित की गई हैं।

विद्यालय की महत्त्वपूर्ण गतिविधियां जो समाचार के रूप में पाठक वर्ग द्वारा पढ़ी व सराही गईं उनमें से कुछ उदाहरण स्वरूप रखी गईं हैं।

पत्रिका के समापन पृष्ठों पर विद्यालय परिवार के विवरण के साथ छायाचित्र संलग्न किए गए हैं।






# आजादी का अमृत महोसत्व- 2023-24

भारत सरकार के महत्त्वाकांक्षी कार्यक्रम आज़ादी के अमृत महोत्सव को समारोह पूर्वक मनाते हुए विगत सत्र में विद्यालय में विविध प्रतियोगिताओं तथा गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं के ज्ञानवर्धन के साथ राष्ट्र के गौरव के व्यापक प्रचार-प्रसार में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। भारतीय वीर सेनानियों व शहीदों के जीवन के बारे में विस्तृत जानकारी अलग-अलग मीडिया प्लेट फार्मों के माध्यम से जनता से साझा की गई। राष्ट्र की गौरव गाथा का गान करने में "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम को प्राचार्या जी के नेतृत्व में विद्यालय परिसर व रेल डिब्बा कारखाना,आवासीय कॉलोनी में दिनांक 13 से 15 अगस्त तक सुव्यवस्थित रीति से समारोह पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर सभी घरों में तिरंगा फहराया गया। शिक्षकों,बच्चों व अन्य कर्मचारियों ने सुखद अनुभवों के वाहक बन कार्यक्रम में अपना अवदान दिया।







सत्र भर आयोजित गतिविधियों में, एनसीसी परेड, देश भक्ति गायन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, वीर आदिवासियों की गौरव गाथा, चित्रकारी प्रतियोगिता, निबन्ध लेखन आदि का आयोजन समय-समय पर दर्शनीय रहा।

प्राचार्य महोदया व अन्य शिक्षक साथियों ने भी समय-समय पर अपने विचारों को मंच से प्रस्तुत किया अभिव्यक्त किए गए विचार बच्चों के ज्ञानवर्धन में सहायक सिद्ध हुए। विद्यालय में संविधान की प्रस्तावना और मौलिक अधिकारों के लिए भी प्रतियोगिताओं के आयोजन कराए गए । विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया व आज़ादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाया। आगामी सत्र में भी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन अनवरत जारी रहेगा।



# शुभकामना एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन

12 फरवरी को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1(रेल डिब्बा कारखाना) हुसैनपुर में 12वीं के विद्यार्थियों हेतु सम्मेलन कक्ष में आशीर्वाद एवं शुभकामना समारोह का आयोजन संपन्न हुआ । इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक क्रियाकलापों के इतर शिक्षकों द्वारा परीक्षा के समय ध्यान रखने योग्य महत्वपूर्ण बातों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। मोटिवेशनल स्पीच एवं शुभकामना संदेश भी विद्यार्थियों हेतु प्रस्तुत किए गए । विद्यालय की ओर से सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न उपहार स्वरूप भेंट किए गए ।

इस सफल कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय प्राचार्य रोज़ी शर्मा द्वारा अपने आशीर्वादात्मक उद्बोधन में सत्परामर्श देते हुए कहा गया कि," विदाई लेने वाले सभी विद्यार्थी विद्यालय का सदैव अभिन्न हिस्सा रहेंगे। यह विद्यालय आपकी सफलता तथा आगामी स्वर्णिम भविष्य की कामना करता है। संस्था प्रधान के रूप में मैं यह सदिच्छा आप आप सभी के लिए व्यक्त करती हूं कि आप कामयाबी के अर्श को स्पर्श कर विद्यालय, परिवार एवं राष्ट्र का नाम आलोकित करें।"

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के सुव्यवस्थित संपन्न कराने हेतु विदा लेने वाले छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त किया गया।









# PM SHRI Activities

**PM SHRI ACTIVITIES**
**PM SCHOOL FOR RISING INDIA**

PM SHRI is a newly sponsored scheme launched on 7 september 2022. The schools selected as PM SHRI school will provide leadership in their respective regions in providing high-quality education in an equitable, inclusive and joyful school environment. More than 14500 schools across the country to be developed as PM SHRI schools to showcase all components of NEP 2020.

There are lot of activities conducted under PM SHRI Scheme . Total Budget announced 80,37,643, out of this recurring budget is 40,04,786 and non- recurring budget is 40,04,786. First instalment received for the session 2023-24 is 40,18,824.

PM SHRI KV 1 RCF Hussainpur conducted lot of activities under the budget like installation of Desktop computers under digital library, smart classroom in maths lab, lot of maths kits and science kits purchased and these kits used by teacher for effective teaching learning process. In various places like Girl's washroom. Medical room, Ladies washroom installation of vending machine and incinerators and how to use explain by the Nurse to the students effectively. A lot of exposure and field visit to students for different class in different places like Krishi Vigyan for updating the knowledge of vegetation, science city for updating the knowledge of science etc. A programme started Self-defense training for girls which help to improve confidence, self-discipline, physical health etc. A lot of Hands on activities done by the students with the help of outsource the experts. A lot of activities under hands on skill like Bottle craft, clay modelling, candle making, gardening, wall painting etc.









## ACHIEVEMENTS IN 52ND KVS NATIONAL SPORTS MEET

| S.NO. | SPORTS EVENT | LEVEL | NO. OF MEDALS |
|---|---|---|---|
| 1. | HOCKEY U-17 (B) | NATIONAL LEVEL | 6 GOLD |
| 2. | TENNIS U-14 (G) INDIVIDUALS | NATIONAL LEVEL | 01 SILVER |
| 3. | HOCKEY U-15 (B) NEHRU CUP | NATIONAL LEVEL | 16 BRONZE |
| 4. | FOOTBALL U-17 (B) | NATIONAL LEVEL | 16 PARTICIPATION |
| 5. | FOOTBALL U-14 (B) | NATIONAL LEVEL | 16 PARTICIPATION |
| 6. | BASKETBALL U-17 (G) | NATIONAL LEVEL | 04 PARTICIPATION |
| 7. | HOCKEY (G) U-17 | NATIONAL LEVEL | 15 PARTICIPATION |
| 8. | KHO-KHO (G) U-17 | NATIONAL LEVEL | 01 PARTICIPATION |
| 9. | BASKETBALL U-17 (B) | NATIONAL LEVEL | 01 PARTICIPATION |
| 10 | BADMINTON (G) U-14 & U-17 | NATIONAL LEVEL | 02 PARTICIPATION |
| 11. | TENNIS GIRLS U-19 | NATIONAL LEVEL | 01 PARTICIPATION |
| 12. | FOOTBALL (B), BASKETBALL (B), BASKETBALL(G), ATHLETICS | NATIONAL LEVEL | 15 PARTICIPATION |

OUT OF 79 STUDENTS OF OUR SCHOOL 06 STUDENTS WON GOLD, 01 GOT SILVER, AND 16 BRONZE IN 52ND KVS NATIONAL SPORTS MEET IN WHICH 09 WERE SELECTED FOR SGFI





## "मेरा बचपन"

छोटी-छोटी बातों में रोया करता था,
छुप-छुपके खेलों में खोया करता था।
और वर्षा में कागज किश्ती से खेला करता था,
आसमान में छाए बादलों को अपना दोस्त
मानता था।
गिल्ली-डंडा, पानी-पानी की मस्ती,
उड़ने-उड़ाने की अनजानी ख्वाहिश।
जब भी उठता था रोज़ सुबह को नया,
हर दिन में था कुछ नया जो खोजने की
ख्वाहिश।
माँ की गोदी में बिताता था रातें,
खुशियों का सफर, रूठना-मनाना साथ में।
जीवन के सबसे प्यारे दिन, बचपन के लम्हे,
बने मेरे दिल की सबसे महकती बातें।
बचपन में जो मिला मां का दुलार,
उसके तुल्य नहीं धरा पर कोई प्यार ।

वीरप्रताप
XII अ



## माँ

बिन मेरे खाना भी खाए ना,
डांटे पर मुझे रुलाए ना
प्यार में दिखी बस माँ
जब दूसरों से दिखा प्यार का आइना,
तब मां के बिन ये दुनिया मुझे भाए ना ।
जब माँ बेटा कहकर मुझे बुलाए ना
मैं पला हू उनके ही हाथों,
तो कैसे कोई दूसरा जीना सिखाएगा ?
मेरी बेरंग जिंदगी में वो रंग भरे,
जन्म से ही वह बस हमारे मन की करे ।
मेरे न होने से उनकी दुनिया पूरी खाली,
सदा करती वह मेरी रखवाली,
क्योंकि उनकी दुनिया में भी बस मैं ही बसा।
उनका होना है ही मेरे लिए सब कुछ है,
उनके बिना दुनिया मेरे लिए ना कुछ है।
तो फिर बिकूंगा कैसे मैं भी रकम पे,
लिए हैं मैंने भी माँ से संस्कार घर पे,
तो जाऊंगा कैसे मैं नरक में,
माँ के वरद हस्त सदा मेरे सिर पे।

निखिल भाटिया XII अ
एवं
तरनवीर सिंह XII स



## NATURE

Nature is so good
And don't make us rude,
It gives us everything
Without expecting anything,
It gives us food to eat
And gives us shade to reduce heat
It is so green
And help us to stay clean,
With trillion of trees
And stunning cliffs,
So, it is our duty to protect the nature,
And to stop the melting glaciers.



-PARAG
V C

## MY MOTHER

MY MOTHER IS THE BEST,
SHE NEVER EVER REST,
SHE WORKS HARD DAY AND NIGHT,
TO MAKE MY FUTURE VERY BRIGHT.

SHE TEACHES NEW THINGS EVERY DAY,
AND THERE IS ALWAYS TIME TO PLAY,
SHE IS LIKE A TEACHER TO ME,
THAT IS WHY I AM NOT AFRAID TO BE ME.

ONE DAY WHEN I WILL GROW UP,
I WOULD LIKE TO THANK HER,
FOR NEVER GIVE UP.



-AISHMEEN KAUR
IV A



## जय वृक्ष! जय वृक्ष!

श्रूयताम् सर्वे वृक्षपुराणम्,
क्रियताम् तथा वृक्षारोपणम्।
वृक्षस्यास्ति सुन्दरम् याति मूलं बहुदूरम्।।

मूलेपी अन्नम्, तस्य काष्ठं कठिनम्,
काष्ठं कठिनं भवति इन्धनार्थम्।
पर्णेषु भवति हरितद्रव्यम्,
अतो हि अस्ति रे पर्ण हरितम्।।

पुष्पम् सुन्दरम्, अतीव मोहकम्,
पुष्पम् तस्य भवति रे देवपूजार्थम्।
फलम् रसमयं, तस्य फलं स्वादपूर्णम्,
फलम् हि अस्ति रे खगस्य अन्नम्।।

जलवातप्रकाशैः निर्माति अन्नम्,
तेन हि अन्नेन वर्धते नित्यम्।
वृक्षस्य दृश्यताम् सर्वम् हि कार्यम्,
जीवनं तस्यास्ति परोपकारार्थम्।।



वृक्षे हि कुर्वन्ति विहगाः नीडम्,
केचित् तु कुर्वन्ति काष्ठे हि छिद्रम्।
आतपे तिष्ठति वर्षानुवर्षम्,
अन्येषां करोति छायाप्रदानम्।।

वृक्षो नैव अत्ति रे स्वकीयं फलम्,
सर्वम् हि अंगम् तस्य लोकहितार्थम्।
जनाः न स्मरन्ति तस्य उपकारम्,
बहुधा कुर्वन्ति वृक्षच्छेदनम्।।

मास्तु रे मास्तु ईदृशं पापं,
यथाशक्ति क्रियताम् वृक्षारोपणम्।
नैव रे नैवास्तु वृक्षकर्तनम्',
सर्वे हि कुर्वन्तु तद्संवर्धनम्।।



तानिया रानी
8B

## प्रकृतिः



प्रकृतिः माता सर्वेषाम्
बहूनाम् अपि फलानाम्
बहूनाम् अस्ति वृक्षाणाम्
पुष्पाणां चापि मानयम ।
भ्रमराणां, पशूनां,
पक्षिणां च मानास्ति
जनेभ्यः जीवन सदा
ददाति प्रकृतिः माता ॥
अस्ति सा तु मनोहरी
मातृणाम् अपि मानास्ति
प्रकृतिः माता सर्वेषाम्
नमोस्तु ते मात्रै प्रकृत्यै ।।



गौरी
6A



## ਅਣਜੰਮੀ ਧੀ ਦੀ ਅਵਾਜ਼

ਇੱਕ ਅਣਜੰਮੀ ਧੀ ਆਪਣੀ ਮਾਂ ਨੂੰ ਬੇਨਤੀ ਕਰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਮੈਨੂੰ ਇੱਕ ਵਾਰੀ ਜਨਮ ਦੇ, ਮੈਂ ਤੇਰੇ ਕੋਲੋਂ ਕੁਝ ਵੀ ਨਹੀ ਮੰਗਦੀ। ਤੂੰ ਮੈਨੂੰ ਭਾਵੇ ਮੈਨੂੰ ਗੋਦੀ ਵਿੱਚ ਨਾ ਬੈਠਾਈ, ਤੂੰ ਮੈਨੂੰ ਜਨਮ ਦੇ ਇਸ ਨਾਲ ਹੀ ਠੰਡ ਪੈ ਜਾਵੇਗੀ, ਤੂੰ ਮੇਰੀ ਇਹ ਮੰਗ ਪੂਰੀ ਕਰਦੇ ਮੈਂ ਤੇਰੀਆਂ ਮਿੰਨਤਾਂ ਕਰਦੀ ਹਾਂ, ਤੂੰ ਮੈਨੂੰ ਇੱਕ ਖੁਸ਼ੀ ਉਧਾਰੀ ਦੇਦੇ, ਮੈਂ ਤੈਨੂੰ ਵਿਆਜ ਦੇ ਨਾਲ ਮੋੜ ਦੇਵਾਂਗੀ। ਮੈਂ ਤੇਰੇ ਤੋਂ ਲੋਰੀਆਂ ਨਹੀਂ ਮੰਗਦੀ ਪਰ ਤੂੰ ਮੈਨੂੰ ਇੱਕ ਵਾਰ ਜਨਮ ਦੇਦੇ । ਤੂੰ ਮੈਨੂੰ ਲਾਡੋ ਆਖ ਬੁਲਾ ਲਈ ਇਸ ਨਾਲ ਹੀ ਮੇਰੇ ਸੀਨੇ ਵਿੱਚ ਠੰਢ ਪੈ ਜਾਉਗੀ, ਮਾਂ ਮੈਂ ਤੇਰੇ ਕੋਲੋਂ ਲੋਰੀ ਵੀ ਨਹੀਂ ਮੰਗਦੀ , ਤੇ ਨਾ ਹੀ ਕੁਝ ਹੋਰ ਮੰਗਦੀ ,ਤੂੰ ਬੱਸ ਮੈਨੂੰ ਇੱਕ ਵਾਰੀ ਜਨਮ ਦੇਦੇ ਤਾਂ ਜੋ ਮੈਂ ਇਹ ਸੰਸਾਰ ਦੇਖ ਸਕਾਂ ।




ਤਜਿੰਦਰ ਸਿੰਘ
ਪੰਜਾਬੀ ਅਧਿਆਪਕ

## ਇਹ ਸਾਡਾ ਪੰਜਾਬ ਰਿਹਾ ਨਾ ..... !

ਕੱਚੇ ਘਰਾਂ ਚ ਪਿਆਰ ਬੜਾ ਸੀ,
ਸਭਨਾਂ ਵਿੱਚ ਸਤਿਕਾਰ ਬੜਾ ਸੀ।,
ਪਹਿਲਾਂ ਜਿਹਾ ਲੋਕਾਂ ਚ' ਹਿਸਾਬ ਰਿਹਾ ਨਾਂ,
ਇਹ ਸਾਡਾ ਪੰਜਾਬ ਰਿਹਾ ਨਾ ..... !

ਜਵਾਨ ਧੀਆਂ ਮਾਰ ਦਿੰਦੇ ਨੇ ,
ਦਾਜ ਦੀ ਬਲੀ ਚਾੜ੍ਹ ਦਿੰਦੇ ਨੇ,
ਪੰਜ ਪਾਣੀ ਪੰਜ ਆਬ ਰਿਹਾ ਨਾ,
ਇਹ ਸਾਡਾ ਪੰਜਾਬ ਰਿਹਾ ਨਾ .... !

ਨਸ਼ਿਆ ਵਿੱਚ ਜਵਾਨੀ ਰੋਈ,
ਖ਼ਤਮ ਕੀਤੀ ਪੰਜਾਬੀ ਬੋਲੀ,
ਨਾ ਗੁਰੂ ਉਹ ਬਾਜ ਰਿਹਾ ਨਾ,
ਇਹ ਸਾਡਾ ਪੰਜਾਬ ਰਿਹਾ ਨਾ.......!

ਪਹਿਲਾਂ ਵਰਗਾ ਪਿਆਰ ਵੀ ਹੈਣੀ ,
ਨਾਂ ਬੇਲੀ ਕੋਈ ਯਾਰ ਵੀ ਹੈਣੀ,
ਜੋ ਖਿੜਿਆ ਫੁੱਲ ਗੁਲਾਬ ਰਿਹਾ ਨਾ,
ਇਹ ਸਾਡਾ ਪੰਜਾਬ ਰਿਹਾ ਨਾ.....!

ਰਣਜੀਤ ਸਿੰਘ ਦਾ ਰਾਜ ਹੁੰਦਾ ਸੀ,
ਸਜੀਦੇ ਸੋਹਣਾ ਇਹ ਪੰਜਾਬ ਰਿਹਾ ਨਾ,
ਕੋਈ ਰਾਜਾ ਨਵਾਬ ਰਿਹਾ ਨਾ,
ਇਹ ਸਾਡਾ ਪੰਜਾਬ ਰਿਹਾ ਨਾ.......!

ਪ੍ਰਭਲੀਨ ਕੌਰ ਜਮਾਤ
10ਵੀਂ ਏ





"बिना चिंतन के
कोई भी
कला
नहीं होती।"



पंजाब केसरी SAT,03 FEBRUARY 2024
EDITION: KAPURTHALA KESARI, PAGE NO. 2

# लैंगिक संवेदनशीलता व विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत करवाई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए प्रिं. रोजी शर्मा व अन्य। (छाया)

कपूरथला, 2 फरवरी (मल्ली): पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय-1 (आर.सी.एफ.) हुसैनपुर में राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से लैंगिक संवेदनशीलता एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत कक्षा 9वीं से 12वीं के लिए एक लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संपन्न कराई गई।

इसमें 355 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रश्नोत्तरी के उत्कृष्ट प्रदर्शन कर्ता विजेता प्रतिभागियों को 2 फरवरी 2024 को विद्यालय प्राचार्या जी द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए प्रथम पुरस्कार सुखराज पाल सिंह, द्वितीय पुरस्कार सुपन बालू एवं नम्रता सिंह तथा तृतीय पुरस्कार निखिल, खुशबू, कुणाल और शिवानी विजयी रहे।

प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम स्थान के लिए 2000 रुपए, द्वितीय के लिए 1500 रुपए तथा तृतीय स्थान के लिए 750 रुपए की प्रत्येक को नगद धनराशि प्रमाण पत्र के साथ प्रदान की गई।




पंजाब केसरी WED,21 FEBRUARY 2024
EDITION: KAPURTHALA KESARI, PAGE NO. 1

बुधवार WEDNESDAY, 21 फरवरी 2024

## शहर की गतिविधियां

### साइकोमैट्रिक टैस्ट के बाद काउंसिलिंग सत्र का आयोजन



कपूरथला (मल्ली): पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय-1 (रेल डिब्बा कारखाना) हुसैनपुर में गत दिनों पी.एम. श्री योजना के तहत करियर एंड गाइडेंस अंतर्गत कराए गए साइकोमेट्रिक परीक्षण के पश्चात मंगलवार को परीक्षण आधारित काउंसलिंग सत्र का आयोजन सम्पन्न हुआ। परीक्षण कराने वाली संस्था करियर ग्लैक्सी-गुरुग्राम से आगत विशेषज्ञों द्वारा छात्र- छात्राओं के लिए काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया तथा चरणबद्ध तरीके से प्रत्येक विद्यार्थी की जांच आधारित परिणाम विषयक मार्गदर्शन प्रक्रिया सम्पन्न की गई। (छाया)

